# कक्षा 5 काल

## नाम _____ वर्ग ____

सही विकल्प के सामने (✓) कीजिए ।

| क्रम नं. | वाक्य | वर्तमान काल | भूतकाल | भविष्य काल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नीला कल सर्कस देखने जाएगी | | | |
| 2 | कला ने अपनी किताब रमेश को दे दी | | | |
| 3 | मै रोज एक घंटे पढ़ती हूँ | | | |
| 4 | यहाँ एक नया स्कूल बनेगा | | | |
| 5 | चार साल पहले हम उस घर में रहते थे | | | |
| 6 | वो अभी भी ऑफिस में है | | | |
| 7 | रवीना बहुत सुंदर कविता लिखती है | | | |
| 8 | मैंने कल दादाजी को पत्र लिखा | | | |
| 9 | पिछले साल यहाँ बहुत बारिश हुई थी | | | |
| 10 | वो कल ही मुंबई गया | | | |
| 11 | मेरा पेट भर है | | | |
| 12 | मैं अब खाना नहीं खाऊँगा | | | |
| 13 | न्यू यॉर्क मे चार साल पहले एक बहुत बड़ी दुर्घटना हुई | | | |
| 14 | लता को ऊँचाई से डर लगता है | | | |
| 15 | पाँच साल पहले मेरे पिताजी मेरे लिए यह घड़ी लाए थे | | | |
| 16 | नीरव के हिन्दी मे बहुत अच्छे अंक आए | | | |
| 17 | वह रोज सुबह उठकर पढ़ता है | | | |
| 18 | हम अपने स्कूल की पिकनिक में ऋषिकेश गए | | | |
| 19 | रेवती मेरा सब कुछ कहना मानती है | | | |
| 20 | आज कल लोग सब काम मोबाईल फोन पर करते है | | | |
| 21 | ज्यादा टी. वी. देखने से उसकी आँखे कमजोर हो गईं | | | |
| 22 | कल मेरे नानाजी दिल्ली से आएंगे | | | |
| 23 | मैंने इस प्रतियोगिता के लिए बहुत मेहनत की थी | | | |
| 24 | मैं अब से हर किसी की मदद करूँगा | | | |
| 25 | रिया अभी भी गृहकार्य कर रही है | | | |
| 26 | जब मैं वहाँ गया तो वो खाना खा ही रही थी | | | |
| 27 | कल संध्या के समय पूजा हो रही थी | | | |
| 28 | मेरा गाँव कुछ सालों बाद बहुत विकसित हो जाएगा | | | |
| 29 | हम अपने घर में ही फल और सब्जियाँ उगाते हैं | | | |
| 30 | उसे रामा का पता नहीं मालूम था | | | |

LIVEWORKSHEETS
LIVEWORKSHEETS